संख्या-12/2023/435241/60-1099/136/200-2023

प्रेषक,

संदीप कौर,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मुजफ्फरनगर।

महिला कल्याण अनुभाग-1 **लखनऊ::दिनांक 30 मार्च, 2023**

विषयः-जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुजफ्फरनगर के पद पर तैनाती के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर के पत्र संख्या-95/स्था0/रिक्त प्रभार/उप0नि0, दिनंाक 16.11.2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद-मुजफ्फरनगर में जिला प्रोबेशन अधिकारी के रिक्त पद पर किसी विभागीय अधिकारी की तैनाती किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- सूच्य है कि विभाग के शासनादेश दिनांक 26.09.2017 में यह प्राविधान है कि जिन मण्डल/जनपदों में महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों के पद रिक्त है उन जनपदों में सेशल सेक्टर (जिला समाज कल्याण अधिकारी/पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी/जिला अप्पसंख्यक कल्याण अधिकारी) के अधिकारियों को प्रभार दिया जाय।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया जनपद- मुजफ्फरनगर में जिला प्रोबेशन अधिकारी के रिक्त पद का प्रभार सोशल सेक्टर के किसी अधिकारी को दिये जाने के सम्बन्ध में यथावश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

(संदीप कौर)
विशेष सचिव

संख्या-12/2023/435241/60-1099/136/200-2023, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।

2- उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर को उनके पत्र दिनांक 16.11.2022 के सम्बन्ध में।

(सुनील कुमार यादव)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।